हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





**खबर संक्षेप**

## प्रगतिशील स्वर्णकार युवा समाज 31 को मनाएगा तीज मिलन



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर में प्रगतिशील स्वर्णकार युवा समाज की बैठक आयोजित की गई। इसका नेतृत्व समाज के अध्यक्ष नंदू सोनी ने की। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रविवार 31 अगस्त को तीज मिलन मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में अमर नाथ सोनी अजय पोद्दार, हरी प्रसाद सोनी, अनुज सोनी, पुरूषोत्तम सोनी, राजेन्द्र सोनी, सूर्यकांत सोनी, नरेंद्र सोनी, पवन सोनी, वेद कुमार सोनी, सुरेश सोनी, संतोष सोनी आदि मौजूद थे।

## अग्रहरि समाज के विनोद अध्यक्ष राजेन्द्र कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित



**बिलासपुर।** अग्रहरि समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन 24 अगस्त को चांटीडीह अग्रहरि भवन में कराया गया। जिसमें अध्यक्ष विनोद अग्रहरि, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रहरि, महामंत्री डा. गिरजा शंकर अग्रहरि एवं कोषाध्यक्ष राजेश अग्रहरि सन सिटी निर्वाचित हुए।संरक्षक मंडल के लिए केके अग्रहरि, अजय अग्रहरि, संतोष अग्रहरि तीनों पदेन, दो सदस्यों का चयन किया गया। सूरज बली अग्रहरि रामू अग्रहरि कुल पांच सदस्य संरक्षक मंडल में शामिल किए गए। ग्यारह सदस्यीय संचालन समिति बनाई गई। कार्यक्रम संचालन डा विपिन अग्रहरि एवं डॉ रामबाबू अग्रहरि ने किया। अगले एक सप्ताह में निर्वाचित टीम को कार्यकारिणी सदस्य का मनोनयन करने कहा गया।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में गाजर घास जागरूकता सप्ताह पर निकली रैली



**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र में 20 वां गाजरघास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया गया। उद्देश्य गाजरघास के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और इसके प्रबंधन के उपायों की जानकारी देना था। ताकि इस आक्रामक खरपतवार के प्रति जनचेतना विकसित हो तथा सामूहिक प्रयासों से इसके उन्मूलन की दिशा में कदम बढ़ाया जा सकें। इस दौरान 22 अगस्त को केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. गीत शर्मा ने बताया कि गाजरघास फसल उत्पादन के साथ–साथ मानव एवं पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। हेमकांति बंजारे ने भारत में गाजरघास कब एवं कैसे आया साथ ही गाजरघास से कम्पोस्ट बनाने की विधि बताई। डा. शल्पा कौशिक ने गाजरघास के जीवनचक्र की जानकारी दी। जयंत कुमार साहू एवं डा एकता ताम्रकार ने गाजरघास के प्राकृतिक शत्रु मैक्सिकनबीटल (जायगोग्रामा कीट) के जीवंत नमूने भी प्रदर्शित किए गए। किसानों को प्रभावित क्षेत्रों में छोड़ने प्रेरित किया गया। गाजरघास जागरूकता रैली एवं कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में गाजर घास का उन्मूलन किया गया। रैली में 128 छात्र, छात्र एवं केन्द्र के सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## खेल अलंकरण से सम्मानित होंगे जिले के 22 खिलाड़ी

**बिलासपुर।** खेल एवंल्याण विभाग ने खेल अलंकरण समारोह में दिए जाने वाले सम्मान व पुरस्कार के लिए सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे अधिक 22 खिलाड़ी बिलासपुर जिले से शामिल किए गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग का खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिससे पहले सभी से दावा आपत्ति 27 अगस्त तक मंगाई गई है। विभाग ने इसके लिए सूची भी जारी कर दी है, जिसमें 76 खिलाड़ियों को सम्मान मिलेगा। इसमें सबसे अधिक खिलाड़ी बिलासपुर के हैं, जिसमें 22 खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा रायपुर से केवल 10 और दुर्ग से 12 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राज्य खेल अलंकरण के लिए पात्र खिलाड़ी और विभूतियों के नामों की अंतरिम सूची जारी कर दी है। शहीद राजीव पांडेय समेत 7 अवॉर्ड के लिए विभाग को 2 साल के लिए कुल 403 आवेदन मिले थे। इनमें साल 2023-24 के 164 और साल 2024-25 के 239 आवेदन शामिल है। अंतरिम सूची में सबसे बड़े अवॉर्ड शहीद राजीव पांडेय अवॉर्ड में दो वर्षों के लिए 12 सीनियर स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

## समस्याओं के निराकरण के लिए त्रिलोक मिले अफसरों से



**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक श्रीवास ने कलेक्टर और एसडीएम से किया भेंट। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 3 के मूलभूत समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने सोमवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के मस्तूरी विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत धूमा के ग्रामीणों के साथ उनके मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर एवं एसडीम बिलासपुर से भेंट कर जन समस्या के त्वरित निराकरण का मांग की। इस अवसर पर अधिकारियों ने उक्त मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर श्री श्रीवास के साथ अरविंद शर्मा, पंडित जितेंद्र शर्मा, जीतू, राहुल गोरख, अवदेश गोयल, चंद्र प्रकाश केसरवानी, शुभम श्रीवास, दादूराम शिकारी, मोहसिन खान, मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

**योजना का निकला दम**

### जिले में 18 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य नहीं हो सका पूरा

# 4 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड अधर में, हड़ताल के चलते बंद हुआ काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आयुष्मान योजना के तहत बनाए जाने वाले कार्ड बनाने का काम धीमा हो गया है। कई सालों से योजना चल रही है। इसके बावजूद करीब 4 लाख से अधिक लोगों के कार्ड नहीं बन सके हैं। कंपनी का ठेका रद्द होने के बाद आयुष्मान कार्ड कर्मचारी पहले से ही घर में बैठे हैं, वहीं एनएचएम और मितानिनों की हड़ताल से कार्ड बनाना ही बंद हो गया है। हालत यह है कि प्रतिदिन 3 हजार की जगह 800 कार्ड ही बनाए जा रहे हैं।

एनएनएच और मितानिन हड़ताल के कारण आयुष्मान कार्ड बनाने का काम कई




अस्पतालों में बंद है और जहां कार्ड बनाए जा रहे हैं, वहां भी पूर्ण क्षमता से काम नहीं हो रहा है। जिले में 18 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड देने की योजना है, लेकिन अबतक 4 लाख लोगों के हाथों तक आयुष्मान कार्ड नहीं पहुंच रहा है। इसकी बड़ी वजह कंपनी द्वारा आपरेटरों को हटाने, एनएचएम और मितानिनों की हड़ताल और अस्पताल का उदासीन रवैया जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे बहुत से लोगों के छूटने का अंदेशा बना रहता है, ऐसे में जिला अस्पताल, सिम्स और अन्य अस्पतालों में आपरेटर रख कर आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास किया जाना है, लेकिन इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन का रवैया बेहद उदासीन है।

ओपीडी और आईपीडी में आयुष्मान नहीं के बराबर बन रहे हैं, इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने पत्राचार शुरू कर दिया है।

### काउंटर में लगा है ताला

स्वास्थ्य विभाग ने महीने भर के भीतर 4 लाख लोगों के आयुष्मान बनाने का लक्ष्य रखा, प्रतिदन 3 हजार कार्ड बनाए जाने थे, लेकिन एनएचएम कर्मचारी और मितानिनों के हड़ताल में जाने से कई अस्पतालों में काउंटर पर ताला लग चुका है। वर्तमान में महज 700 से 800 लोगों के ही आयुष्मान कार्ड बन पा रहे हैं। वहीं आधार अपडेटेशन, राशन कार्ड में गड़बड़ी और अन्य तकनीकी दिक्कतों के चलते भी लक्ष्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

### अफसरों के बाद जागा था विभाग

मुख्यमंत्री और कलेक्टर द्वारा आयुष्मान कार्ड को लेकर बरती जा रही लापरवाही को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया गया था। इस दौरान सरकारी अस्पतालों में आपरेटर भर्ती कर आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए थे। विभाग ने सभी चिकित्सा अधीक्षक, सिविल सर्जन और बीएमओ को पत्राचार कर शत-प्रतिशत कार्ड बनाने का निर्देश जारी किया था।

### आपरेटर रखने कहा गया है

कर्मचारियों की हड़ताल में होने से थोड़ा फर्क पड़ा है, हमने सभी अस्पतालों को आपरेटर रखकर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पत्र प्रेषित किया है। वर्तमान में अभी 4 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य है।

-गिरीश दुबे, नोडल अधिकारी, आयुष्मान कार्ड

**कचरे में मशीन...**



**बिलासपुर।** रेलवे प्लेटफार्म पर एक रुपए डालकर वजन डालने वाली मशीन को रेल प्रशासन ने उठाकर कचरे में फेंक दिया है, जो तारबाहर यार्ड के पास गुडशेड में लावारिस हालत में पड़ी हुई है। इसे देखने वाला भी मौके पर कोई नहीं है। पहले रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर आने–जाने वाली यात्री गाड़ियों में कई तरह की सुविधाएं रेल प्रशासन ने देकर रखी थी।

### आबंटन राशि और किराया नहीं पटाने पर निगम ने की कार्रवाई

# 80 लाख तक बोली लगाकर दुकानें ली, पैसा जमा नहीं किया, 21 का आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुकान की ऊंची बोली लगाकर आबंटन राशि जमा नहीं करने वाले नूतन चौक स्थित कांप्लेक्स के 11 दुकानों के आबंटन को निगम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह गणेश चौक स्थित महिला समृद्धि बाजार के 57 ऐसे बकायादार जिन्होंने वर्षों से किराया नहीं पटाया है, उनके दुकानों के आबंटन को भी निरस्त किया गया है।

हाईटेक बस स्टैंड की दुकानों का किराया भी नहीं पटाया जा रहा है। इनकी भी नए सिरे से नीलामी की बात कही जा रही है। अब निगम ने नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की 21 दुकानों और आफिस को लीज पर आबंटन के लिए नए सिरे से टेंडर जारी किया है। इसमें 5 अगस्त तक निविदा भरी गई। इसके आबंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है। इससे पहले जब आबंटन हुआ था तो कई दुकानों की राशि ही जमा नहीं हो सकी थी। दो साल पहले जब इन दुकानों का आबंटन हुआ था तो बोली लगाई गई थी। कई दुकानें 60 लाख से लेकर 80 लाख तक में बिकी थीं। उस दौरान दुकान लेने वालों ने एफडीआर राशि तो जमा की लेकिन आबंटित राशि जमा नहीं की गई। जिसके बाद यह अब यह कार्रवाई की गई। इसी तरह महिला समृद्धि बाजार में कुल 82 दुकाने हैं, जिन्हें 2008-09 में आबंटित किया गया था। जिनमें से 57 दुकानों का किराया बकाया था। इन सभी को भी कई बार नोटिस जारी कर किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन ना तो जवाब दिया गया ना ही राशि जमा की गई।



■ **हाईटेक बस स्टैंड और महिला समृद्धि बाजार की दुकानों का किराया भी नहीं पट रहा**

### 90 लाख रुपए तक का किराया बाकी

महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम प्रशासन ने नेहरू नगर में महिला समृद्धि बाजार के लिए दो मंजिल के काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपये खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन पिछले दस सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 90 लाख रुपए किराया बाकी है।

### रपटा पार की 29 दुकानों को सील किया गया

रपटा पार चांटीडीह में निगम की दुकानों पर कब्जा कर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की है। सभी अवैध कब्जों को खाली कराते हुए निगम ने इन दुकानों को सील कर दिया है। निगम के मुताबिक इन दुकानों को किसी को भी आबंटित नहीं किया गया था। इसके बाद भी सब्जी मंडी में दुकान लगाने वालों ने इन दुकानों में अपना सामान रखना शुरू कर दिया था। इस तरह की 29 दुकानों को निगम ने सील कर दिया है।

### दूसरी बार टेंडर जारी किया गया

नूतन चौक में बनाए गए व्यावसायिक काम्प्लेक्स की दुकानों और आफिसों को लीज पर देने के लिए निगम ने दूसरी बार टेंडर जारी किया है।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त, नगर निगम

## केंद्रीय विवि में एनएसयूआई के छात्रों ने किया घेराव



**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में सोमवार को एनएसयूआई के छात्रों ने घेराव किया। छात्र नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां पर गेट बंद होने और वहां पुलिस बल तैनात होने के कारण छात्र वहीं नारेबाजी करते हुए धरना पर बैठ गए।

एनएसयूआई के छात्र पहले यूनिवर्सिटी के मेनगेट के पास एकत्रित हुए और वहां से नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन सामने पहुंचे। वहां पर पहले से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था और यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्ड्स द्वारा प्रशासनिक भवन के गेट पर ताला बंद कर दिया गया था, इसलिए घेराव करने पहुंचे छात्र नारेबाजी करते हुए प्रशासनिक भवन गेट के सामने ही धरना पर बैठ गए। कुछ देर तक नारेबाजी हंगामा चलता रहा उसके बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन की ओर से अधिकारी आकर उनसे चर्चा किए और छात्रों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। सीयू का घेराव करने पहुंचे एनएसयूआई से जुड़े छात्रों का कहना है कि वर्तमान में यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। कई विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अपेक्षा अनुरूप न होने के कारण उन्हें अधिक अंक प्राप्त नहीं हुए हैं, इसलिए छात्रहित में पुनर्मूल्यांकन की सुविधा आवश्यक है। यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था है परन्तु नियमों में कुछ सीमाएं और अस्पष्टताएं है, जिसके कारण विद्यार्थियों को वास्तविक लाभ प्राप्त नहीं हो पाता है। विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पुनर्मूल्यांकन के लिए नए एवं स्पष्ट नियम बनाए जाने की मांग की गई है। घेराव करने वाले छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन प्रक्रिया सरल एवं आनलाइन किए जाने की मांग रखी है। आवेदन की तिथि परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद 21 दिनों तक होना चाहिए। पुनर्मूल्यांकन के लिए अधिकतम तीन विषयों तक आवेदन करने की अनुमति दी जाए तथा उत्तरपुस्तिका की पुनः जांच किसी स्वतंत्र परीक्षक द्वारा कराए जाने की मांग रखी है। इसी तरह पुनर्मूल्यांकन के परिणाम विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराया जाए। छात्रों का कहना है कि ऐसी व्यवस्थाओं से विद्यार्थियों का विश्वास यूनिवर्सिटी की परीक्षा प्रणाली में और अधिक सुदृढ़ होगा। यूनिवर्सिटी घेराव करने पहुंचने वालों में एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्की मिश्रा, रंजीत सिंह, विकास ठाकुर, विवेक साहू, विक्की यादव, अदिति वर्मा, सुमित सूर्यवंशी, सार्थक मिश्रा, सुदीप शास्त्री, नवतेज रवि, आदित्य मौर्य, किसलय ठाकुर, शुभम जायसवाल, अवनीत पांडे आदि मौजूद थे।

■ **प्रशासनिक भवन गेट सामने धरना, नारेबाजी**

## डा. महंत ने दी स्व.आशादेवी को भावभीनी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत सोमवार को बिलासपुर पहुंचे, उनके साथ सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत भी थीं।

डा. महंत व श्रीमती महंत ने बलराम टाकीज परिसर जाकर पूर्व विधायक स्व.बलराम सिंह की पत्नी स्व. श्रीमती आशादेवी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. श्रीमती सिंह के पुत्र कांग्रेस सचिव आशीष सिंह, पूर्व विधायक रश्मि सिंह व परिवारजन से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, शिल्पा तिवारी, विधायक अटल श्रीवास्तव, शेषराज हरबंश, मोहित केरकेट्टा जगजीत सिंह मक्कड़, हरीश परसाई, अर्जुन तिवारी राजेन्द्र शुक्ला आदि मौजूद थे।

## सनातन धर्म जागृति व राष्ट्र प्रथम विषय पर व्याख्यान

**बिलासपुर।** शाश्वत हिन्दू जागृति के तत्वावधान में सनातन धर्म जागृति व राष्ट्र प्रथम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता मेजर रमेश चंद्र उपाध्याय रहे।

मंचासीन अतिथियों में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेश्वर पटेल, वंदेमातरम के प्रदेश संयोजक महेंद्र जैन, आरएसएस से डॉ विनोद तिवारी, शाश्वत हिन्दू जागृति के राष्ट्रीय महामंत्री संजय सिंह राजपूत, प्रदेश संयोजक अनुपम उपाध्याय, जिला संयोजक बिलासपुर भूपेंद्र पटेल, अविरल ठाकुर मौजूद थे। वक्ता श्री उपाध्याय ने कहां की राष्ट्र प्रथम और सनातन धर्म पर आस्था को लेकर जनता के मध्य काम करते रहे। जब मालेगांव बम ब्लास्ट 2008 के समय तत्कालीन केंद्र की सरकार ने पाकिस्तान के आईएसआई के षडयंत्र को नजरअंदाज कर दिया परिणामस्वरूप कुछ लालफीताशाही अफसरों और नेताओं की मिलीभगत का फ़ायदा उठा कर इस विदेशी खुफिया एजेंसी ने तुष्टीकरण की राजनीति को सीढ़ी बनाकर भगवा आतंकवाद की थ्योरी बनाई। इसी षड्यंत्र के तहत मालेगांव का चयन किया गया। साध्वी तथा सेना के चिन्हित अफसरों को निशाना बनाया गया। मेजर रमेश चंद्र उपाध्याय इसी षडयंत्र का शिकार हुए। मेजर श्री उपाध्याय, साध्वी प्रज्ञा, कर्नल पुरोहित और अन्य 9 लोगों को आरोपी बनाया गया। आभार संजय सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम में राजकुमार निषाद आदि मौजूद थे।




## आठ फेरे के लिए चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य आठ फेरे के लिए चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दुर्ग से गाड़ी संख्या 08760 तथा हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से गाड़ी संख्या 08761 के साथ चलेगी। गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झांसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशनों पर स्टापेज होकर हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। 08760 दुर्ग–हज़रत निज़ामुद्दीन पूजा स्पेशल दुर्ग से 5 अक्टूबर से 23 नवम्बर तक तथा 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग पूजा स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 6 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक छूटेगी।

### जिले के तीन ब्लॉक में संचालित हैं जन औषधि केंद्र

# सेवा सहकारी समितियों में जन औषधि केंद्रों का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सेवा सहकारी समितियां अब केवल धान खरीदी, केसीसी वितरण व खाद-बीज वितरण तक सीमित नहीं रह गई हैं। उनके द्वारा जन औषधि केंद्रों व गैस एजेंसी का संचालन भी किया जा रहा है। जिले में कोटा ब्लॉक के बेलगहना, बिल्हा के सल्का एवं तखतपुर ब्लॉक के बेलपान में समितियां मॉडल के तौर पर जन औषधि केंद्रों का संचालन कर रहीं हैं। इसी तरह सेलर समिति द्वारा बहुत जल्द गैस एजेंसी प्रारंभ करने की तैयारी है।

■ **जल्द ही गैस एजेंसी चलाने की तैयारी**

केंद्र सरकार की सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ता प्रदान करने के साथ ही केंद्र की योजनाओं को गांव-गांव तक सहज रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत जिले में सेवा सहकारी समितियों को जन औषधि केंद्रों से जोड़ा गया है। जिले की 114 सेवा सहकारी समितियों में फिलहाल मॉडल के रूप में प्रत्येक ब्लॉक में एक समिति में जन औषधि केंद्रों की स्थापना की गई है।

जिले में फिलहाल ब्लॉक स्तर पर मॉडल के तौर पर जन औषधि केंद्रों की स्थापना की गई है। इनमें बिल्हा ब्लॉक के सल्का, तखतपुर के बेलपान व कोटा के बेलगहना में जन औषधि केंद्र संचालित है। इसी तरह मस्तूरी ब्लॉक में मस्तूरी व सीपत में जल्द ही जनऔषधि केंद्र की स्थापना की जानी है। इसके लिए स्थान की तलाश की जा रही है। इसी के अंतर्गत सेलर सेवा सहकारी समिति के द्वारा जल्द ही गैस एजेंसी का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। विभाग के अनुसार जन औषधि केंद्रों के संचालन के लिए समितियों के पास फार्मासिस्टों एवं गैस एजेंसी के संचालन के लिए गोडाऊन की व्यवस्था अनिवार्य रखी गई है।

### लोगों को लाभान्वित करने का हो रहा प्रयास

केंद्र सरकार द्वारा लागू सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत शासन की योजनाओं का संचालन कर जमीनी स्तर पर लोगों को लाभांवित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेवा सहकारी समितियों द्वारा पीडीएस का संचालन तो पहले से ही किया जा रहा था। अब जन औषधि केंद्र व गैस एजेंसी भी संचालित किए जा रहे हैं।

-चंद्रशेखर जायसवाल
डिप्टी कमिश्नर

## सागर इंफ्रास्ट्रक्चर लेकर आया नील सागर ए बिज़नेस कॉरिडोर

**बिलासपुर।** शहर में बिज़नेस वर्ल्ड के लिए एक नई शुरुआत होने जा रही है। सागर इंफ्रास्ट्रक्चर लेकर आया है नील सागर ए बिज़नेस कॉरिडोर जो बिलासपुर का सबसे मॉडर्न और एडवांस बिज़नेस सेंटर माना जा रहा है। यह प्रोजेक्ट अब इन्वेस्टर्स और ट्रेडर्स के लिए तैयार है। आने वाले समय में शहर के व्यापार को नई दिशा देने वाला है।

डायरेक्टर कबीर प्रशांत चड्ढा ने बताया कि नील सागर की सबसे बड़ी खूबी इसका लोकेशन है। स्कूल, हॉस्पिटल, बैंक, मॉल और होटल सब कुछ इसके आसपास ही मौजूद है, जिससे यहां बिज़नेस सेट करना और भी आसान हो जाता है। एक ही जगह पर अलग-अलग बिज़नेस के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना इस प्रोजेक्ट की खासियत है। फैसिलिटीज़ की बात करें तो यहां छत पर वाई फाई ज़ोन, कॉमन एरिया और पार्किंग में सीसीटीवी, डीज़ल जनरेटर बैकअप, पानी की सप्लाई, हर फ्लोर पर टॉयलेट और फायर सेफ्टी इक्विपमेंट्स जैसी सारी ज़रूरी सुविधाएँ मौजूद हैं। वहीं, बिल्डिंग क्वालिटी पर भी खास ध्यान दिया गया है। आर सीसी फ्रेम स्ट्रक्चर, वेदर कोट पेंट, ग्रेनाइट सीढ़ियाँ और आईएसआई स्टैंडर्ड वायरिंग के साथ-साथ एसी के लिए अलग से वायरिंग और ट्रांसफार्मर भी दिया गया है। इस प्रोजेक्ट को डिज़ाइन किया है शुक्ला एंड एसोसिएट्स के आर्किटेक्ट ए.आर. एस.के. शुक्ला ने। डेवलप किया है सागर इंफ्रास्ट्रक्चर ने। उम्मीद की जा रही है कि नील सागर सिर्फ एक बिज़नेस सेंटर नहीं बल्कि आने वाले समय में शहर के आर्थिक विकास का हब साबित होगा।



### बिजनेस प्लस

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री


खम्भों पर लगाए गए केबल नहीं हटाए गए हैं जिसके चलते आए दिन बिजली सप्लाई बाधित होती है।

# हाईकोर्ट सख्त - सड़कों की दयनीय हालत के लिए जिम्मेदार कौन, क्या कोर्ट की निगरानी में ही काम करेगी सरकार

- राज्य की बदहाल सड़कों और निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर जताई नाराजगी
- पीडब्ल्यूडी सचिव और एनएचएआई के अधिकारियों से शपथ पत्र में जवाब मांगा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य की बदहाल सड़कों और निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सोमवार को तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि अगर हम नहीं देखें तो क्या सरकार कोई काम ही नहीं करेगी। क्या सिर्फ कोर्ट की निगरानी में ही सड़कें बनेंगी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने बिलासपुर, रायपुर सहित प्रदेशभर की प्रमुख सड़कों की दयनीय हालत पर कड़ा रुख अपनाते हुए शासन से शपथपत्र सहित जवाब मांगा है। खास तौर पर नेहरू चौक से पेण्ड्रीडीह बाइपास तक की सड़क में हुई दरारों को जल्द ठीक करने पीडब्ल्यूडी सचिव से शपथ पत्र मांगा गया है। इसके साथ ही



एनएचएआई से सेंदरी चौक पर पानी भरने के कारण होने वाली परेशानी और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपाय पर जवाब मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 4 सितंबर को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर की पेंड्रीडीह बाईपास से नेहरू चौक तक की सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल में स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आज तक कोई प्रगति नहीं हुई। इसी तरह रायपुर के धनेली एयरपोर्ट रोड का काम भी अधूरा है। सेंदरी बाईपास में प्रस्तावित पांच फुट ओवरब्रिज को लेकर डीपीआर तक तैयार नहीं हो पाई है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे प्रदेश का महत्वपूर्ण हाईवे है। यह प्रदेश की राजधानी और न्यायधानी को सीधे तौर पर आपस में जोड़ती है। बिलासपुर और आसपास के जिलों तथा सरगुजा संभाग जाने के लिए बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के लोग रायपुर बिलासपुर एनएच से ही होकर राजधानी पहुंचते हैं। इतनी महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद भी इसके रखरखाव में नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

### सड़कों पर फैली गंदगी को तत्काल हटाएं

हाईकोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि नेशनल हाईवे वाले जो थोड़ा बहुत मेंटेनेंस करते हैं, सड़क पर स्टॉपर लगाते है वे बेतरतीब, लावारिस हालत में सड़क पर पड़े रहते हैं। पेंच वर्क करने के लिए जो मटैरियल सड़क पर छोड़ा गया है उससे भी गंदगी फैल रही है और दुर्घटनाओं की आशंका चौबीस घंटे बनी रहती है। इससे एक्सीडेंट हो रहे हैं और जनहानि हो रही है। इसके अलावा मवेशी भी इस सड़क पर दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। इस तरह की स्थिति कब तक रहेगी और इसमें सुधार कब तक होगा।

### यह स्थिति बेहद पीड़ाजनक ठीक होनी चाहिए

कोर्ट ने शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए यह भी कहा है कि यह स्थिति बेहद पीड़ाजनक है। पूरे शहर की सड़कें खराब हैं, लेकिन इस पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि स्थिति खराब है और फिलहाल मरम्मत का काम जारी है। एनएचएआई की ओर से कहा गया कि सड़क की मरम्मत में अभी वक्त लगेगा क्योंकि कार्य काफी लंबा है। हालांकि कोर्ट को भरोसा दिलाया गया कि जल्द से जल्द हालात सुधारने की कोशिश की जा रही है और मानकों के अनुसार ही मरम्मत की जाएगी। हाईकोर्ट ने पेंड्रीडीह से नेहरू चौक की सड़क पर दरारें और अव्यवस्था पर सवाल पूछा तो बताया गया कि यह क्षेत्र बिलासपुर नगर निगम में आता है और इस सड़क की मरम्मत का जिम्मा लोक निर्माण विभाग का है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 3 को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा 3 सितंबर को होगी। सामान्य सभा को लेकर जिला पंचायत में तैयारी चल रही है और संबंधित विभागों से एजेंडा के संबंध में जानकारी मंगाई गई है। जिला पंचायत में 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे सामान्य सभा रखी गई है। सामान्य सभा समाप्त होने के बाद उसी दिन शाम 4 बजे सामान्य प्रशासन समिति की बैठक होगी। सामान्य सभा में लोक निर्माण विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, आदिवासी विकास विभाग, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### दिव्यांगों के लिए अनोखी पहल, मिलेगा इलाज

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में अखिल भारतीय दिव्यांग चेतना परिषद के द्वारा दो दिवसीय दिव्यांगों के आपरेशन किए जा रहे हैं। इसका शुभारंभ शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में दिव्यांगों की स्क्रीनिंग की गई। दो दिवसीय आपरेशन के लिए दिव्यांगों के चयन, जांच की प्रक्रियाएं की गई। इस रविवार और सोमवार को आपरेशन किया जाएगा। वहीं 2 सिंतबर पर उन्हें फिजियो थेरेपी और जांच के माध्यम से उनके अंगों में सुधार और इलाज संभव किया जाएगा।

### केंवट समाज का पौधरोपण सम्मान समारोह 7 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज बिलासपुर परिक्षेत्र द्वारा 7 सितंबर को दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित है। यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी कला (टोना) में होगा। इस का उद्देश्य समाजसेवी, प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान एवं समाज के द्वारा पौधरोपण कर सामाजिक संदेश देना है। मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ निषाद समाज की अध्यक्ष ज्योति कैवर्त होगी। इस कार्यक्रम प्रभारी शत्रुहन कैवर्त हैं। यह जानकारी हरप्रसाद कैवर्त ने दी।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने लिया गया निर्णय

**बिलासपुर।** एडीएम एसएस दुबे की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला कार्यालय मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी तथा 6 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) को आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। एडीएम ने सदस्यों और समाज प्रमुखों से कहा कि शहर की गौरवशाली परम्परा की तरह इस बार भी आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसके साथ ही 5, 6 और 7 सितम्बर को ही गणेश विसर्जन का निर्णय लिया गया। समितियों को विसर्जन की सूचना और रूट चार्ट की जानकारी संबंधित थाने में देनी होगी। विसर्जन के दौरान आवश्यक सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। पर्व के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## मस्तूरी इटवापाली स्थित प्राचीन भांवर गणेश की मूर्ति चोरी का मामला

# डेढ़ साल में मूर्ति चोरी करने वालों को नहीं पकड़ पाई पुलिस, अब अवशेष ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूर्व में मस्तूरी इटवापाली के मंदिर से ग्रेनाइट पत्थर से बनी भगवान भांवर गणेश की मूर्ति को तोड़कर चोरी कर ली गई थी। डेढ़ साल में पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई। इधर एक बार फिर बीती रात चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर मूर्ति के अवशेष का चोरी कर लिया और भाग गए। आस्था के मंदिर में चोरी होने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

11 फरवरी 2024 की रात चोरों ने मस्तूरी क्षेत्र में ग्राम इटवापाली के मंदिर में धावा बोलकर मंदिर का ताला तोड़कर प्राचीन ग्रेनाइट पत्थर से बनी भगवान भांवर गणेश की मूर्ति तोड़कर चोरी कर ली गई थी। मंदिर में चोरी होने से गांव में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पुलिस के आधा अधिकारी दल बल के साथ मंदिर गए और जांच शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। पूर्व में उसी मूर्ति को चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़कर कई दिनों तक पूछताछ की गई, किन्तु पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी। धीरे धीरे मामला ठंडे बस्ते में चला गया। एक बार रविवार को देर रात चोरों ने मंदिर में धावा बोलकर मूर्ति के टूटे हुए आसन व पैर के टुकड़े को चोरी कर लिया है। बताया जाता है मंदिर का पुजारी बगल के बरामदे में सोया हुआ था और मंदिर में ताला नहीं लगा था, जिससे चोर आसानी से मूर्ति के अवशेष चोरी कर भाग गए। सोमवार की सुबह पूजारी महेश राम केंवट पिता रामदुलार केंवट पूजा करने मंदिर के अंदर गया तब चोरी की जानकारी हुई। मंदिर से लगातार भगवान की मूर्ति चोरी होने से ग्रांव में आक्रोश फैल रहा है। सूचना पर पुलिस मंदिर का मुआयना कर पुजारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।


डेढ़ साल पहले मंदिर से चोरी की गई मूर्ति।


वह स्थान जहां से अवशेष ले उड़े चोर।

### प्राचीन मूर्ति होने से बार-बार हो रही चोरी

11 वीं शताब्दी की काले रंग की ग्रेनाइट पत्थर से बनी भगवान भांवर गणेश की मूर्ति कीमती और प्राचीन है। यही वजह है कि चोर गिरोह सक्रिय होकर मूर्ति को चोरी कर रहे हैं। पूर्व में चोरी के दौरान मूर्ति खंडित हो गई थी। संभवत : इसी वजह से मूर्ति बिक नहीं पाई होगी। इसलिए बीती रात चोरों ने अवशेष को चोरी किया है। किसी तरह अवशेष को जोड़कर मूर्ति को नया रूप देकर बेचा जा सके।

### चौहा के 6 लोग पकड़े गए थे

पूर्व में अगस्त 2022 में उक्त प्राचीन भगवान भांवर गणेश की मूर्ति की चोरी कर ली गई थी। तत्कालीन क्राइम बांच ने दिसंबर 2022 में पतासाजी कर ग्राम चौहा निवासी युवराज टण्डन से सौदाबाजी कर उसके साथी सुमीर राय चौहा, निशांत धृतलहरे चकरबेढ़ा, अतुल भार्गव टिकरी को पकड़कर भगवान की मूर्ति बरामद कर लिया था। उसके बाद फिर से विधी विधान से पूजा अर्चना कर मूर्ति को स्थापित किया गया था।


जांच करती पुलिस।



### अवशेष की चोरी हुई है

बीती रात मंदिर से चोरी गई भगवान भांवर गणेश की मूर्ति के अवशेष की चोरी की गई है। पुजारी व गांव के लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम गांव के आसपास सीसीटीवी कैमरा खंगालने में लगी हुई है। चोरों का पता नहीं चल पाया है।

**- हरीशचंद्र टाण्डेकर** मस्तूरी टीआई

# 65 लाख में बना स्कूल जर्जर, अब होगी एफआईआर


सरपंच पति ने स्कूल में कबाड़ जमा कर दिया
रायपुर से पहुंची टीम पंचनामा बनाकर लौट गई
दो साल में जर्जर हो गया 65 लाख में बना स्कूल भवन

हरिभूमि में 10 और 13 अगस्त को प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

65 लाख रुपए खर्च कर बेलतरा में बनाया गया शासकीय हाई स्कूल दो साल में ही जर्जर हो गया है। यही नहीं स्कूल से खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट और टाइल्स समेत लाखों रुपए का सामान उखाड़ लिया गया है। इस मामले में शिकायत हुई तो लोक शिक्षण संचालनालय की टीम जांच के लिए पहुंची। गांव के सरपंच पति ने आनन फानन में कबाड़ जमा कर दिया और इसका ही पंचनामा बना दिया गया। अधिकारियों ने जो जांच रिपोर्ट सौंपी है उसमें भी मौके से कबाड़ मिलने का उल्लेख है। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य कावेरी यादव को सस्पेंड कर दिया है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर लोक शिक्षण संचालनालय ने सरपंच और दूसरे आरोपियों पर एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। डीपीआई के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने एसपी को सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं। मामले में अगले कुछ दिनों में एफआईआर होने की बात कही जा रही है। ध्यान रहे कि हरिभूमि ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था।

- लोक शिक्षण संचालनालय की टीम ने डीईओ को दिया निर्देश
- जांच रिपोर्ट समते सभी दस्तावेज और फोटो पुलिस को सौंपे गए

दरअसल बेलतरा स्कूल की इमारत कुछ साल पहले ही बनी थी और वहां नियमित कक्षाएं चल रही थी। इसी बीच एक साल पहले मरम्मत के बहाने स्कूल प्रबंधन ने भवन को खाली करा दिया। कक्षाएं पास की दूसरी बिल्डिंग में शिफ्ट कर दी गई। इसी दौरान स्कूल की बिल्डिंग में लगे चैनल गेट, रेलिंग, खिड़कियां और टाइल्स गायब हो गए। जब स्थानीय लोगों ने स्कूल की इमारत को खंडहर जैसी हालत में देखा, तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने जानकारी जुटाई तो पूरा मामला सामने आया। इसके बाद लोगों ने विभागीय अधिकारियों से इसकी शिकायत की।

### यह सामान हुए हैं गायब

- 14 नग दरवाजा 12 कमरे का और दो बाथरूम का
- 24 नग खिड़की
- 14 नग लोहे की रैलिंग खिड़की बड़ी वाली बरामदे में लगी हुई
- 8 नग रोशनदान बाथरूम में लगा हुआ
- 2 नग चैनल गेट
- लगभग 2000 नग काला फर्श पत्थर राजिम स्टोन 14 कमरे एवं हाल में लगा हुआ

### जांच रिपोर्ट में सभी की भूमिका संदिग्ध

जांच करने रायपुर से पहुंची अधिकारियों की टीम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि इस प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि उक्त भवन में लगे लोहे के दरवाजे खिडकियां, ग्रिल, रैलिंग, रोशनदान एवं फर्श में लगे पत्थर निकाले गए। यह भी बड़ी बात है कि इन सब सामानों को निकालकर ले जाने में कई दिन या महीनों लगे होगें परन्तु संस्था की प्राचार्य एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा चोरी की शिकायत तक थाने में नहीं की गई और ना ही इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट में सभी की भूमिका संदिग्ध मानी गई। साथ ही प्राचार्य एवं शाला प्रबंध एवं विकास समिति को इसके लिए जिम्मेदार माना गया।

### लोहे का कबाड़ स्कूल में जमा कर दिया

जांच रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि बेलतरा हाईस्कूल भवन की 64 नग लोहे की खिड़की, दरवाजे, चैनल गेट समेत अन्य सामान को सरपंच उखाड़कर ले गया था। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण से शिकायत भी हुई। कलेक्टर ने जांच कर एफआईआर करने का आदेश भी दिया है। इस बीच कार्रवाई के डर से सरपंच ने कुछ कबाड़ लोहे को स्कूल में जमा कर दिया और बाकी उपयोगी सामान गायब कर दिया। इसके बावजूद तात्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की अनुशंसा नहीं की। सरपंच के कब्जे से सामान बरामद होने के बाद भी मामले को दबाने का प्रयास किया गया।

### पुलिस को दे दिए गए दस्तावेज

जांच रिपोर्ट के आधार पर ही प्रभारी प्राचार्य को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीपीआई की टीम दोबारा जांच करने पहुंची थी। अब डीपीआई ने जांच रिपोर्ट के आधार पर सरपंच और दूसरे आरोपियों के खिलाफ एफआईआर कराने कहा है। पूरे दस्तावेज पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

## उन्नत तकनीक का होगा आदान प्रदान

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल व एम्स के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और कुंवर साहब स्व दिलीप सिंह जुदेव सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के बीच सोमवार को एमओयू साइन किया गया। एमओयू का उद्देश्य उन्नत तकनीक, प्रशिक्षण और नवीन शोधों के आदान-प्रदान करना है।

इस अवसर पर एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ बीपी सिंह ने सोमवार को एमओयू पर साइन किया।

डॉ सिंह ने बताया कि ऐतिहासिक एमओयू के द्वारा डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को एम्स जैसे उत्कृष्ट संस्थान से जोड़ने, समय-समय पर नवीनतम तकनीकों और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। स्टेट गवर्नमेंट के संस्थान को रिसर्च कार्य और नए तकनीकों को लागू करने में सहायता मिलेगी। इसका प्रत्यक्ष लाभ प्रदेश के आम नागरिकों को मिलेगा। खास बात यह है कि इससे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ही उच्चतम स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



ज्ञात हो कि एम्स केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, उत्कृष्ट नैदानिक अभ्यास और उच्च गुणवत्ता वाले शोध के लिए विख्यात है और प्रसिद्ध है। इस अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर के कार्यकारी निदेशक डॉ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल, अधिष्ठाता रिसर्च डॉ अभिरुचि गल्होत्रा, सह अधिष्ठाता रिसर्च डॉ एकता खंडेलवाल तथा अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ राकेश गुप्ता एवं सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ भानु प्रताप सिंह, प्रोफेसर डॉ अर्चना सिंह एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

### कलेक्टर और कमिश्नर ने किया प्रेरित

डॉ सिंह ने कहा कि कमिश्नर सुनील जैन एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल ने उन्हें प्रेरित किया इस एमओयू के लिए प्रेरित किया। उनके निर्देशन में ही एम्स, रायपुर का भ्रमण कर उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का अनुभव लेकर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में सुविधाएं विकसित करने के लिए जोर दिया जा रहा है।

### यह होगा फायदा

इसका सीधा फायदा अस्पताल स्टाफ के साथ ही मरीजों को मिलेगा। प्रशिक्षित और उन्नत तकनीकी प्रयोगों से इलाज में सुविधा मिलेगी। एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि एम्स हमेशा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के चिकित्स्कों, नर्सो एवं कर्मचारियों के क्लीनिकल ट्रेनिंग, संकाय आदान-प्रदान, सहयोगी शोध, टेलीमेडिसिन सेवाओं और बहु-केंद्रीय अध्ययन में मदद एवं सहयोग प्रदान करेगा। डॉ जिंदल ने शासन का धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य मॉडल में इस तरह का समन्वयन आगे बढ़ने को प्रेरित करता है।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में कुचिपुड़ी नृत्यांगना की प्रस्तुति आज

**बिलासपुर।** भारतीय संस्कृति के संवाहक और शास्त्रीय नृत्य की अमूल्य धरोहर कुचिपुड़ी के प्रख्यात स्वरूप की प्रस्तुति देश की स्थापित एवं प्रतिष्ठित कुचिपुड़ी कलाकार टी रेड्डी लक्ष्मी का आगमन शहर मे हो चुका है। नृत्यांगना का प्रवास 25 से 30 अगस्त तक छ.ग. में ही रहेगा। नृत्यांगना राज्य के विभिन्न शहरों के विद्यालयों



एवं कॉलेजों मे अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने वाली हैं। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल, बिलासपुर में टी.रेड्डी लक्ष्मी मंगलवार को बच्चों के समक्ष अपना नृत्य कौशल प्रस्तुत करने वाली है। टी. रेड्डी लक्ष्मी भारत में कुचिपुड़ी कलाकारों की वर्तमान पीढ़ी की अग्रणी प्रतिनिधि हैं। उनके लिए यह कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन शैली और साधना का स्वरूप है। आलोचकों द्वारा उन्हें 'पूर्ण नर्तकी' की संज्ञा दी गई है और उनकी प्रस्तुति सदैव शास्त्रीयता, अनुशासन तथा सौंदर्य का अद्वितीय उदाहरण रही है। विद्यालय परिसर में आयोजित इस अवसर पर वे अपने नृत्य के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य-कला से जोड़ेंगी बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति की महान परंपरा से भी परिचित कराएँगी।

# तीज पर महिलाएं 16 श्रृंगार कर होंगी तैयार करूभात खाकर रहेंगी आज निर्जला व्रत

**भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि में हरितालिका तीज का व्रत मनाया जाता है। सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह कठिन व्रत रखती हैं तो कुंवारी कन्याएं भी मनोवांछित वर की प्राप्ति के लिए इस व्रत को करती हैं।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंडित रामेश्वर मिश्र ने बताया कि मंगलवार को तीज पर महिलाएं करु भात खाकर 36 घंटे का व्रत रखेंगी, भगवान शिव- पार्वती व प्रथम पूज्य देव गणेश की विधि विधान से पूर्वक पूजा अर्चना करेंगी। तीज में रात्रि जागरण कर चार प्रहर की आरती करने का भी विधान है। शहर में मंदिरों व घरों में महिलाओं द्वारा पूजा के सामूहिक आयोजन भी किए जाएंगे। पंडितों के अनुसार, इस व्रत को सबसे पहले माता पार्वती ने किया था, जिसके फलस्वरूप उन्हें पति के रूप में भगवान शिव मिले। इस दिन पूजा के समय माता पार्वती की आरती भी करनी चाहिए। सभी व्रतों में हर तालिका तीज का व्रत काफी कठिन माना जाता है। बाजार में रौनक बनी हुई है, सोमवार को भी खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी रही। शहर के मुख्य मार्ग में जमकर भीड़ रही, यातायात आवगमन भी देर रात तक प्रभावित रहा। राम मार्केट, सदर बाजार, शनिचरी में चहल-पहल अधिक रही महिलाओं ने पूजन से लेकर श्रृंगार की खरीददारी की। ऐसी मान्यता है कि तीजा पर्व में महिलाएं सोलह श्रृंगार करके मायके की साड़ी पहनती हैं। सोलह श्रृंगार में बन संवरकर शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की जाती है। सोहारी पर्व पर घरों में अनेक प्रकार के छत्तीसगढ़ व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, गुजिया-सोहारी आदि नमकीन एवं मीठे पकवान बनाए गए है।

### शिव-पार्वती और भगवान गणेश की करें पूजा

पूजा के लिए भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्ति की जरूरत होती है। पीला वस्त्र, केले का पत्ता, जनेऊ, सुपारी, रोली, बेलपत्र, धतूरा, शमी के पत्ते, दूर्वा, कलश, अक्षत, घी, कपूर, गंगाजल, दही शहद और 16 श्रृंगार का सामान सिंदूर, बिंदिया, मेंहदी, कुमकुम आदि। माता पार्वती को अक्षत, चुनरी, फूल, फल, धूप दीप आदि अर्पित करें। वहीं शिवजी को सफेद चंदन, भांग, बिल्वपत्र, धतूरा अर्पित करें।



### फुलहरा खरीदने बाजार में कतार

ईदगाह चौक स्थित फूल बाजार में सुबह से ही फुलहरा खरीदने महिलाओं का तांता लगा रहा,फूलों से सजा फूलहरा खरीदने की मांग अधिक रही। सभी ने गेंदे से सजे फूलहरा को अधिक लिया, महिलाओं ने बताया की फूलहरा बगैर पूजन संभव ही नहीं है,कई महिलाएं स्वंय ही घर पर फूलों से इसे बनाकर पूजा करती है।

धर्म-क्षेत्र

## ओम घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की





**बिलासपुर।** कोनी में व्यवसायीं ओम मेटल्स के संचालक ओमप्रकाश अग्रवाल के पुत्र मुरारीलाल अग्रवाल के सुपुत्र के नन्दोत्सव उपलक्ष्य में श्रीधाम वृंदावन के प्रख्यात कथाकार व भजन गायक आचार्य विनयकांत त्रिपाठी के साथ आई भजन मंडली ने आयोजन में चार चांद लगा दिया। शहर में पहली बार ब्रज की बोली में ब्रजवासियों द्वारा नन्दोत्सव को देख उपस्थित धर्मनिष्ठ श्रद्धालु खुशी से झूम उठे। विन्यकान्त ने बताया कि कल बिल्हा में व आज कोनी में भाव वत्सल भक्तों को देखकर उनके ठाकुरजी अति प्रसन्न हैं। इससे यह स्पष्ट होता हैं कि भले कलयुग में अत्याचार बढ़ रहे हो लेकिन बिलासपुर की धार्मिक गतिविधियों से यहाँ सब संतुलन है। उन्होंने हिंदू दैनंदिनी न्यास द्वारा विगत पांच वर्षों से लगातार बिलासपुर से दैनंदिनी प्रकाशित करते हुए तिथि को अंको में लिखने कि जो नई विधि का अविष्कार किया हैं।

### रोचक स्पर्धाओं के साथ मनाई तीज



प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज इकाई की बहनों द्वारा तीज मिलन उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हमारी महापौर पूजा विधानी और भूतपूर्व अध्यक्ष महिला आयोग हर्षिता पांडेय मौजूद रही। इसके साथ ही रायपुर इकाई से भारती किरण शर्मा और उनकी पूरी टीम भी रहीं, कार्यक्रम में बैल सजाओ प्रतियोगिता में वंदना तिवारी प्रथम और सीमा पाठक द्वितीय आईं, इसके बाद नृत्य का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें नीतू मिश्रा, पूनम तिवारी, नीलिमा तिवारी, सुहासिनी आदि ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। मंच संचालन अध्यक्ष मंजू पांडेय ने किया, भारती किरण शर्मा और उनकी टीम ने भी बहुत सुंदर प्रस्तुति दी।



### बच्चों ने बनाए इको फ्रेंडली गणेश

पर्यावरण बचाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए एक इको फ्रेंडली वर्कशॉप आयोजित किया गया। जिसमें गणपति की प्रतिमा बनाने सीखाया गया, आस्था प्यार और श्रद्धा से स्वयं नन्हे मुन्ने बच्चों ने मुर्तियां बनाई। गणपति बप्पा को अपने घर में स्थापित करने सिंधी महिला मंडल द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप में लगभग 100 से ज्यादा बच्चों एवं बड़ों ने भाग लिया। इसी तरह भारतीय सिंधु सभा व पूज्य सिंधी सेंटर पंचायत द्वारा लगातार पांच वर्षों से हर वर्ष इको फ्रेंडली गणेश बनाना सीखाया जाता हैं। गोल बाजार सिंधी धर्मशाला में यह आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टर ऑफ पेरिस और केमिकल को प्रकृति के सुरक्षा के उद्देश्य से काम करना है। जिसमें प्रशिक्षण कोमल शर्मा, ट्विंकल आडवाणी, प्रभात किरण साहू द्वारा दिया गया।

### सोनिया बनी तीज सुंदरी



श्री नामदेव समाज विकास परिषद् द्वारा गोड़पारा सामुदायिक भवन में नामदेव समाज की 400 महिलाओ का तीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर समाज के राष्टीय छत्रीय महासंघ के अध्यक्ष भास्कर राव उपस्थित हुए। कार्यक्रम में महिलाओ एवं बच्चो के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगता आयोजित की गई, इसमें मुख्य प्रतियोगिता जैसे मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, मोमबत्ती गेम, महिलाओ व बच्चो द्वारा भी डांस प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ,पुरुष, बच्चो ने विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। समाज की सोनिया वर्मा तीज सुंदरी बनी, प्रतियोगिता में जीती हुई महिलाओ को ईनाम भी दिया गया।

आयोजन

## लड्डु गोपाल को झूले में सजाया छप्पन भोग लगाकर गाए भजन



**बिलासपुर।** क्रान्ति नगर स्थित हनुमान मंदिर में लड्डु गोपाल की छठी का कार्यक्रम बडे धूम-धाम से आयोजित किया गया। गोपाल को झूले में सजाया गया और उन्हें छप्पन भोग लगाए गए। सभी महिलाओं ने ढोलक की थाप पर सुमधुर भजन गाए और सभी को बधाई बांटी गयी, सभी को भोग प्रसाद वितरण किया गया व महिलाओं ने नृत्य भी किये। इस आयोजन में विद्या केडिया, गीता सिंह, ऋतु गुप्ता, कविता बख्शी, ज्योति मिश्रा अनिता सिंह, सरोज गुप्ता, सविता तिवारी, रूपा चक्रवर्ती, शुभांगी, अनामिका राय, भगवती शर्मा, उषा नोपानी, स्वाति मिश्रा, अनिष्का मिश्रा, रानी सिंह राजपूत, सीमा कश्यप पम्मी ओझा, मंजु सोनी, सुमन अग्रवाल ने सहयोग दिया।






## 5 हजार यूनिट रक्तदान का बनेगा रिकॉर्ड

**बिलासपुर।** जिसने भी दादी प्रकाशमणि के स्नेह का अनुभव किया, जिन्दगी भर भूल नहीं सकता, मैं भी सौभाग्शाली हूँ कि दादी की पालना का अनुभव आज भी महसूस होता है। उनकी स्मृति दिवस-विश्व बंधुत्व दिवस के दिन रक्तदान का महा अभियान आयोजन बहुत ही महान कार्य है जिसमे सभी को बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए। उक्त बातें शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कही। उन्होंने प्रथम रक्तदान किया, इस अवसर पर उपस्थित



बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि रक्तदान महाअभियान के द्वारा मानव शरीर के लिये रक्त बीज की व्यवस्था सबसे बडा सामाजिक सरोकार है। इस राष्ट्रीय अभियान मे बिलासपुर वासियो को महादेव और दादी का आशीर्वाद मिले ऐसी कामना है।

मंजू दीदी ने कहा कि आत्मा और रक्त मे जाति धर्म का भेद नही होता। एक परमात्मा की संतान के नाते भाई भाई के संदेशवाहक दादी प्रकाशमणि जी की पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के दिन भारत एवं नेपाल मे रक्तदान महाअभियान के रूप मे मनाकर यादगार बनाया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने जानकारी दी कि विश्व बन्धुत्व दिवस पर इस राष्ट्रीय अभियान में पूरे छत्तीसगढ़ द्वारा 5 हजार यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड बनेगा। जिसमें बिलासपुर के 6 सेवाकेंद्रों से लगभग पांच सौ से अधिक यूनिट का योगदान रहेगा, जो कि गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में छतीसगढ़ का भी यह अमूल्य योगदान होगा। शिविर में आने वाले लगभग 600 भाई बहनों ने पवित्र ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया।

### स्तन कैंसर का नाम सुनकर घबराएं नहीं - डॉ विजयलक्ष्मी

रक्तदान के साथ अपोलो हॉस्पिटल द्वारा स्त्री रोग, सामान्य ओपीडी, दंतरोग, आयुर्वेद, होम्योपैथिक, हंसराज वेलनेस, डॉ लाल पैथोलैब के विशेषज्ञ द्वारा दी गई निःशुल्क सेवाओ का बहुतों ने लाभ लिया। इस अवसर पर अपोलो हॉस्पिटल द्वारा स्तन कैसर का स्व परीक्षण हैण्ड बुक का विमोचन मंजू दीदी, ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति मे किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा विजयलक्ष्मी ने बताया कि स्तन कैसर का नाम सुनते ही बहने भयग्रस्त हो जाती है जबकि घर पर ही स्वपरीक्षण कर प्रारम्भ में ही पता कर सकते हैं।

## दौड़ रही घिर- घिर बादलों की टोली चमक रही बिजुरी संग छूट रही




### छंदशाला की पावस काव्यगोष्ठी

**बिलासपुर।** छंदशाला की मासिक काव्यगोष्ठी का आयोजन छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीषा भट्ट और अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार सेवक एस कपूर नूर ने किया।

काव्यगोष्ठी की शुरुआत ध्रुव देवांगन के छत्तीसगढ़ी गीत मोर ठेठरी खुरमी रे तंय छत्तीसगढ़ के हो गे हस कलेवा से हुई। देवेन्द्र शर्मा पुष्प ने पावस ऋतु पर दौड़ रही घिर- घिर बादलों की टोली, चमक रही बिजुरी संग छूट रही गोली। अजय सिन्हा ने तंग आ चुके हैं कशमकश जिंदगी से हम अनमोल सिन्हा ने गजल मेरे फोटो से दीवार सजाने वाला। घर मेरा छोड़ गया,घर मेरा बसाने वाला अवधेश भारत ने बढ़ते सड़क दुर्घटना पर केन्द्रित संदेश परक रचना वाहनों के हे सब चालक, तुमसे मेरा निवेदन है, हेलमेट है जीवन रक्षक,सीट बेल्ट सिंहासन है,पढ़ी। गजानंद पात्रे ने आल्हा छंद लिखे हॅव संगी,सुन लेहू सब गुनिक सुजान, नारी के गहना के बरनन, गजानंद जी करय बखान।

### तिरंगा मेरा, प्राण है तिरंगा मेरा, भारत की एक पहचान

शैलेन्द्र गुप्ता ने घनाक्षरी छंद शान है तिरंगा मेरा, प्राण है तिरंगा मेरा, भारत की एक पहचान है, तिरंगा मेरा कामना पांडेय ने गीतिका छंद बीज के नव कोपलों में अंकुरण जैसे जगा। बाहरी परिआवरण को,देख वह रोने लगा, ललिता यादव ने तुझसे मिलने को हम कान्हा, बड़ी दूर से आए हैं। दूध दही अरु माखन मिश्री, तुझको प्रिय वह लाए हैं। सुषमा पाठक ने मारो गोली गम को सारे, गम को सखा भुलाता चल। अंतर मन में आशाओं के जगमग दीप जलाता चल। मनीषा भट्ट ने मुट्ठी भर रेत सी फिसल रही है जिंदगी,पतझर में झरे पात सी,बिखर रही है जिंदगी। सेवक एस कपूर नूर ने पिता- पुत्र के अनमोल रिश्ते पर रचनाएं पढ़ खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन सुषमा पाठक ने एवं आभार व्यक्त कामना पांडेय ने किया।

आयोजन

## आत्मानंद इंग्लिश माडल कालेज में मना रसायन दिवस



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में राष्ट्रीय रसायन दिवस मनाया गया। यह आयोजन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर किया जाता है। मुख्य वक्ता सीयू के प्रो खेमचंद देवांगन ने रसायन शास्त्र विषय के अध्ययन पर बल दिया। उन्होंने कम्प्यूटर साफ्टवेयर कोर्स, वर्चुअल लैब, माडलिंग, सिम्युलेशन आदि से अवगत कराया। प्रो प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने रसायन शास्त्र की संभावनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डा. रामेश्वरी बंजारा ने कॅरियर की विविध क्षेत्र में महत्व की जानकारी दी। प्राध्यापक डॉ.प्रेमलता वर्मा, डा.राजकुमार सचदेव, बृजकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान विज्ञान की गौरव शाली परंपरा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में महत्व दिया गया है। कार्यक्रम में प्रो एल. के.गवेल, डॉ. प्रकाश त्रिपाठी, जीआर सलाम, ऋषि अग्रवाल आदि मौजूद थे।

स्पोर्टर्स न्यूज


## दो दिवसीय हॉकी स्पर्धा खेल दिवस पर होगी



**बिलासपुर।** हॉकी परिवार के तत्वावधान में दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस ग्राउंड में किया जा रहा है। इसमें हॉकी के सभी दिवंगत खिलाड़ियों को विन्रम श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 28 व 29 अगस्त को नगर की 6 टीमो के मध्य हॉकी प्रतियोगिता आयोजित है। जिसमें शहर के पुराने हॉकी क्लब के नाम से चर्चित टीमें, फ्रेशर्स क्लब, लीडर्स क्लब, असगर स्पोर्टिंग, एस एस एकेडमी, विजय स्पोर्टिंग और यंग इलेवन की टीम भाग लेंगी। विजेता टीम को ट्रॉफी और 15 हजार नगद, उपविजेता को टॉफी और 11 हजार नगद, सेकेंड रनरअप को ट्रॉफी और 5 हजार नगद दिया जाएगा। इसके साथ ही प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट, बेस्ट फॉरवर्ड, बेस्ट डिफेंडर और बेस्ट स्कोरर को आकर्षक पुरुस्कार एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच दिया जाएगा, इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जूनियर और सीनियर लगे हुए हैं।

## दौड़ेगा बिलासपुर अभियान के तहत मैराथन 29 को



छत्तीसगढ़ स्टेयरस फाउंडेशन के तत्वाधान व खेल संघ द्वारा अखिल भारतीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह सीएमडी चौक से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, हरिभूमि चौक, नेहरू चौक, तिलक नगर कंपनी गार्डन गोल बाजार जूना बिलासपुर गांधी चौक पुराना हाईकोर्ट शिव टाकीज चौक इंदिरा गाँधी, चौक तारबहार चौक सीमडी चौक होते हुए सीएमडी ग्राउंड में संपन्न होगा। 29 अगस्त को दादा ध्यानचंद की जयंती पर अखिल भारतीय मैराथन होगा। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस मैराथन प्रतियोगिता में देशभर के 2 हजार से अधिक एथलीट भाग लेंगे और प्रथम पुरस्कार एक लाख की राशि व 11 सांत्वना पुरस्कार नगद राशि रखी गई है। दौड़ेगा बिलासपुर जीतेगा बिलासपुर अभियान के तहत ये रखा गया है। ड्रग्स अगेंस्ट अभियान के तहत खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने व नशा से मुक्त रखने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, खेल व युवा कल्याण विभाग से सहयोग लिया जा रहा है। इसमें भाग लेने पंजीयन ऑनलाइन क्यू आर कोड से स्कैन कर करा सकते है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पकड़े गए 7 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। सिरगिट्टी पुलिस ने शिकायत पर नया बस स्टैण्ड पार्किंग के पास दबिश देकर जुआ खेलते दीपक कुमार कुर्रे, प्रितेश कुमार निषाद, राजेश साहू को पकड़ लिया है। उसके बाद श्रीराम सर्विसिंग सेंटर के पास जुआ खेलते मोहित सेंड्रे, ईश्वर बंजारे, रंजीत दिनकर, मुकेश चंद्राकर को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से 13 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रापर्टी डीलर की कार और एक्टिवा में लगाई आग

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश में आरोपी ने प्रापर्टी डीलर से मारपीट कर कार व एक्टीवा में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आनन फानन में पानी डालकर आग बुझाई गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमनगर तहसीलदार गली निवासी अरूण चक्रवर्ती पिता अशोक चक्रवर्ती प्रापर्टी डीलर हैं, 24 अगस्त की शाम 7 बजे वे अपने दोस्त अमित कुमार की कार क्रमांक सीजी 10 एएन, 7869 को दुर्गा मंदिर तहसीलदार गली में खड़े कर वेंकट राव से बात कर रहे थे। उसी समय रवि निषाद उर्फ चटके आया और ब्लेकबेरी गुरूनानक चौक के पास मिलने के लिए बुलाया। उन्होंने मना किया तो हाथ मुक्का से मारपीट कर कार व एक्टिवा में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आनन फानन में पानी डालकर आग बुझाई गई। आग से दोनों गाड़ियों के टायर जल गए हैं। पुलिस ने अरूण की रिपोर्ट पर हमलावर रवि निषाद उर्फ चटके के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 324, 4, 326, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बोरे में बंधी मिली लाश की हुई पहचान

**बिलासपुर।** नदी किनारे बोरे में बंधी महिला की लाश की पहचान हो गई है। मृतका भाठापारा क्षेत्र की रहने वाली थी और वह 4 दिन से लापता थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि रविवार को पचपेड़ी क्षेत्र के शिवटिकारी के नदी में बोरे में बंधी एक महिला की लाश मिली थी। टेटू के आधार पर मृतका की पहचान भाठापारा धर्राबांधा निवासी संगीता निषाद पति संजू निषाद 22 साल के रूप में हुई है। डीएसपी लालचंद मोहले ने बताया, उसके पति संजू निषाद ने 20 अगस्त को भाठापारा थाना में पत्नी के गुम होने की रिपोर्ट लिखाई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। मामले की जांच भाठापारा पुलिस के द्वारा की जाएगी।

### लिव इन में रहने के बाद शादी से किया इनकार

**बिलासपुर।** डेढ़ साल तक लिव इन में रहने के बाद शादी करने से



इनकार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, एक युवती क्षेत्र में रह रही थी, उस दौरान उसकी जान पहचान रायपुर निवासी आशीष मसीह 20 साल से हुई। युवक ने शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद दोनों पिछले डेढ़ साल से रायपुर में लिव इन में रह रहे थे। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**सात-आठ सालों से न निर्माण हुआ न वसूली हुई**

**विधायक निधि से राशि लेकर कार्य पूर्ण नहीं करने का मामला**

# 32 प्रकरणों से होनी है 84 लाख की वसूली, कई एसडीएम बदल गए हालत जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक निधि से विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि प्राप्त कर लेने के बाद गायब हो जाने वाली कार्य एजेंसियां जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग के लिए सिरदर्द बनी हुई हैं।

बीते आठ साल का आंकड़ा देखें तो इस अवधि में करीब 32 कार्य ऐसे हैं, जिनके नाम पर एजेंसियों ने पहली व कहीं-कहीं दूसरी किश्त की राशि तो प्राप्त कर ली, लेकिन निर्माण आज दिनांक तक पूर्ण नहीं किया है। वसूली के लिए विभाग लगातार पत्र जारी कर रहा है, लेकिन नतीजा शून्य रहा। हालत यह है कि इस अवधि में जिले के सभी ब्लॉक में कई एसडीएम बदल गए, लेकिन वसूली का प्रतिशत शून्य ही रहा। क्षेत्र के विकास के मद्देनजर विभिन्न कार्यों के लिए अनुशंसा कर जारी की जाने वाली सांसद-विधायक मद की राशि भी अब फंसती नजर आ रही है। कार्य स्वीकृति के बाद जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा कार्य एजेंसी को पहली या दूसरी किश्त की राशि तो जारी कर दी गई, लेकिन उनका निर्माण आज दिनांक तक पूर्ण नहीं हो सका। जिले में अपूर्ण निर्माण वाले करीब 32 प्रकरण ऐसे हैं, जिनसे 84 लाख रूपए की वसूली का प्रयास जारी है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा हर तीन-चार महीने में संबंधित कार्य एजेंसी को पत्र भेजकर रिमाइंडर दिया जा रहा है, लेकिन राशि की वसूली का अधिकार एसडीएम के पास है। इधर वसूली को लेकर राजस्व विभाग का रवैया उदासीन होने के कारण कार्य एजेंसियों के हौसले बुलंद हैं।

### ऐसे जारी होती है राशि

सांसद निधि में राशि जारी करने की दो व्यवस्था हैं। इसके अंतर्गत पहली किश्त के रूप में 75 प्रतिशत एवं दूसरी किश्त के रूप में 25 प्रतिशत राशि देने का प्रावधान है। दूसरी व्यवस्था अंतर्गत अगर कार्य एजेंसी चाहे तो कार्य पूर्ण करने के बाद एकमुश्त राशि प्राप्त कर सकेगी। इसी तरह विधायक निधि में औसतन तीन किश्तों में राशि का भुगतान किया जाता है। इसके अंतर्गत पहली व दूसरी किश्त में 40-40 प्रतिशत की दो किश्त जारी करने के बाद 20 प्रतिशत का भुगतान तीसरी किश्त में किया जाता है। जिले में 32 निर्माण कार्य ऐसे हैं, जिनमें कार्य एजेंसियों द्वारा कहीं पहली, तो कहीं-कहीं दूसरी किश्त लेकर कार्य को अपेक्षित स्तर तक पूर्ण नहीं किया गया, जिससे कार्य आज दिनांक तक लंबित की श्रेणी में है।

### पैसे लेकर सालों से पेशी बढ़ा रहे एसडीएम के बाबू

कुछ मामलों में एसडीएम कोर्ट में विधायक निधि से पहली-दूसरी किश्त लेकर कार्य नहीं करने वालों के विरूद्ध प्रकरण चलाए जा रहे हैं। इस दौरान एसडीएम ऑफिस में पदस्थ बाबुओं द्वारा सरपंचों से पैसे लेकर सालों से पेशी आगे बढ़ाते रहने का सिलसिला जारी है। हालत यह है कि इन आठ सालों में एक ओर जहां कई एसडीएम बदल गए, वहीं कई गांव के सरपंच भी अब पूर्व सरपंच कहलाने लगे हैं, लेकिन राशि वसूली की हालत जस की तस है।

### एक सीजन में कार्य पूर्ण करने का नियम

शासन द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार विधायक निधि से स्वीकृत कार्य के अंतर्गत एजेंसी को हर हाल में उसी वित्तीय वर्ष में कार्य पूर्ण करना होगा। कार्य पूर्ण नहीं होने की दशा में ऐसे कार्यों को लंबित की श्रेणी में रखा जाएगा। इधर सात से आठ साल बाद भी कार्य के पूर्ण नहीं होने के बाद जिला एवं सांख्यिकीय विभाग संबंधितों को कार्य पूर्ण करने एवं संबंधित एसडीएम को राशि की वसूली के लिए लगातार पत्र जारी कर रहा है।

### एसडीएम को कार्रवाई का है अधिकार

जिले में विभिन्न योजनाओं को मिलाकर वसूली के करीब 250 प्रकरण चल रहे हैं। इन पर हर टीएल की बैठक में समीक्षा भी होती है। वसूली का काम एसडीएम का है। इसके अंतर्गत एसडीएम को अधिकार है कि वसूली योग्य राशि का भुगतान नहीं करने वालों पर वे जेल भेजने की कार्रवाई भी कर सकते हैं।

**-संदीप अग्रवाल,** नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत

**हाईकोर्ट ने शहर में तेजी से बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की**

# बटनदार, डिजाइनर चाकू कोई सब्जी काटने के लिए तो लेता नहीं, ऑनलाइन और खुलेआम कैसे बिक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने बिलासपुर शहर में तेजी से बढ़ रही चाकूबाजी की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए गृह विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी किया है और व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया था। शासन ने शफथ पत्र दाखिल करते हुए बताया कि सरकार की ओर से मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। आनलाइन चाकू मंगाए जाने के मामलों में गंभीरता से ध्यान दिया जा रहा है। चाकुओं के साथ ही दूसरे हथियारों की जब्ती भी बनाई गई है। डिवीजन बेंच ने मामले में प्रदेश के मुख्य सचिव, डीजीपी, आईजी बिलासपुर, कलेक्टर, एसपी बिलासपुर और गृह विभाग के प्रमुख सचिव को पक्षकार बनाया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मुद्दे में जवाबदेही तय की जाएगी और चाकुओं की अवैध व अनियंत्रित बिक्री पर रोक के ठोस उपायों की जानकारी दी जानी चाहिए।

- **शासन ने पेश किया शपथ पत्र, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर रहे**

मामले में कोर्ट ने सवाल उठाया है कि आखिर ये खतरनाक चाकू ऑनलाइन और खुलेआम कैसे बिक रहे हैं और इस पर रोकथाम के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

कोर्ट ने कहा, "ये बटनदार, डिजाइनर चाकू कोई सब्जी काटने के लिए तो नहीं लेता होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि आर्म्स एक्ट मौजूद है, फिर भी इस पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। कोर्ट ने कहा कि बिलासपुर में पान की दुकानों, जनरल स्टोर और गिफ्ट शॉप्स में 100 से 500 रुपए में डिजाइनर, बटन और फोल्डिंग चाकू बड़ी आसानी से मिल रहे हैं और वह भी बिना किसी जाँच-पड़ताल के।



### निगरानी और नियमन की सबसे बड़ी कमी

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद शहर इस समस्या से जूझ रहा है। मामूली विवादों के कारण घटनाएं घट रही हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि निगरानी और नियमन की यह कमी छुरा घोंपने जैसी हिंसक घटनाओं में वृद्धि का कारण बन सकती है। जन सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा करती है। हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस विभाग सीधे राज्य के गृह विभाग के नियंत्रण में है, इसलिए यह न्यायालय यह उचित समझता है कि गृह विभाग, छत्तीसगढ़ सरकार और प्रमुख सचिव को पक्षकार बनाया जाए, ऐसे चाकुओं की बिक्री और घटनाओं पर पर आसानी से अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में अपना व्यक्तिगत हलफनामा दायर करेंगे।

### 7 महीने में 120 घटनाएं, 7 की मौत, 122 घायल

कोर्ट में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, जनवरी से जुलाई 2025 के बीच बिलासपुर में चाकूबाजी की 120 घटनाएं हुई हैं। इनमें 7 लोगों की मौत हो गई और 122 लोग घायल हुए। कई घटनाएं छोटी-मोटी कहासुनी या विवाद के बाद हुई हैं। हालांकि पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कुछ कार्रवाइयाँ की हैं, लेकिन हथियारों की आसानी से उपलब्धता चिंता का विषय बनी हुई है। एडवोकेट जनरल प्रफुल्ल एन. भारत ने कोर्ट को बताया कि यह खतरनाक चाकू न केवल बाजार में, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी आसानी से उपलब्ध हैं। राज्य सरकार ने ऑनलाइन बिक्री पर कार्रवाई शुरू कर दी है, लेकिन इसे पूरी तरह से रोकने के लिए और भी सख्त कदम उठाने होंगे।

## स्टेशन के बाहर युवक पर चाकू से हमला, नकद व मोबाइल की लूट

बीती रात शहडोल से रायपुर जा रहा एक युवक रेलवे स्टेशन से बाहर निकला तो बाइक सवार तीन युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर नकद रकम व मोबाइल लूट लिया और भाग गए। चाकूबाजी की वारदात से स्टेशन में हड़कंप मच गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। देर रात तक पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई थी।

शहडोल खुजरी निवासी समीर यादव पिता संतोष यादव ने बताया, रविवार की रात 11.30 बजे काम से रायपुर जाने के लिए अपने एक दोस्त के साथ ट्रेन से बिलासपुर आए। रायपुर जाने के लिए दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए वे रेलवे स्टेशन में रूके हुए थे। रात 2.30 बजे शौचालय जाने के लिए स्टेशन से बाहर निकले। शौचालय के पास पीछे से बाइक सवार तीन युवक आए और मारपीट करते हुए सीने में चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए उनकी जेब से 5 हजार रुपए नकद व मोबाइल लूटकर भाग गए। चाकूबाजी की वारदात होने से स्टेशन में हड़कंप मच गया। उसके दोस्त के द्वारा गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर तोरवा प तारबाहर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक व स्टेशन के पास लोगों से पूछताछ कर लुटेरों की पतासाजी में लगी हुई थी। बहरहाल देर रात तक पुलिस लुटेरों को नहीं पकड़ पाई थी।



मौके पर पहुंची पुलिस।



घायल युवक।

### गणेश पंडाल में युवक पर चाकू से हमला

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा निवासी नानू कौशिक उर्फ श्रवण पिता दुलिया कौशिक 24 अगस्त की रात 2.40 बजे एकता समिति गणेश पंडाल के पास बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान संजू यादव आया और यहां शराब क्यों पी रहा है कहते हुए गाली गलौज करने लगा। मना करने पर युवक ने जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर व हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### खुद को माफिया बताकर रुपए की मांग, मारपीट

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र के गुण्डा बदमाश ने शराब दुकान के आहाता संचालक से खुद को मंगला क्षेत्र का माफिया बताते हुए कहा कि दुकान चलाना है तो प्रतिदिन 1 हजार रुपए देना पड़ेगा। मना करने पर संचालक के साथ जमकर मारपीट की गई। पूर्व में वह दुकान संचालक से 4000 रुपए वसूली कर चुका है। पुलिस माफिया को नहीं पकड़ पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, यदुनंदननगर निवासी आकाश भट्टाचार्य पिता प्रदीप भट्टाचार्य लाइसेंस लेकर मंगला शराब दुकान के पास आहाता चलाते हैं। 23 अगस्त को वे आहाता में बैठे हुए थे। रात 8.30 बजे मंगला क्षेत्र का गुण्डा बदमाश आसिफ खान उनके आहाता में आया और जबरिया 1000 रुपए मांगने लगा। कहने लगा वह मंगला क्षेत्र का माफिया है, दुकान चलाना है तो प्रतिदिन 1000 रुपए देना पड़ेगा। उन्होंने पैसा देने से मना किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर तोड़फोड़ कर जमकर हंगामा मचाया । पुलिस ने आकाश भट्टाचार्य की रिपोर्ट पर हमलावर आसिफ खान के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, बंधवापारा रामनगर निवासी विक्की सारथी पिता शेखर सारथी 26 साल सब्जी बेचने का काम करता था। सोमवार को दोहपर 12 बजे उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

## शासकीय कार्यालयों में लगातार अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय कार्यालयों में लगातार अवकाश से जनता खासी परेशान है। अवकाश का सिलसिला शुक्रवार 22 अगस्त को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से प्रारंभ हुआ था। जो बुधवार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर समाप्त होगा। कार्यालयों में लगातार अवकाश से शासकीय कार्यालयों में जरूरी कार्यों से आए लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।

सरकारी दफ्तर में लगातार अवकाश आम जनता को कितना परेशान कर सकता है इस बात का अंदाजा लोगों को इस सप्ताह हो गया होगा। अवकाश का सिलसिला 22 अगस्त से प्रारंभ हुआ था। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले न केवल शासकीय कर्मचारियों, बल्कि अधिकारियों ने भी सूचना देकर एक दिवसीय अवकाश ले रखा था। इधर 23 अगस्त को शनिवार एवं 24 अगस्त रविवार अवकाश था। सोमवार 25 अगस्त को कोई अवकाश नहीं था, लेकिन इकट्ठे एक सप्ताह की छुट्टी पाने के चक्कर में ज्यादातर कर्मचारियों ने सोमवार को भी कार्यालय से अवकाश ले रखा था। इधर मंगलवार 26 अगस्त को तीजा एवं बुधवार 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का अवकाश होने के कारण शासकीय कार्यालयों में 21 अगस्त के बाद अब सीधे 28 अगस्त को कामकाज हो सकेगा।

- **बुधवार गणेश चतुर्थी तक जारी रहेगा सिलसिला**

इतना ही नहीं, बल्कि 28 व 29 अगस्त को केवल दो ही दिन कार्यालय में कामकाज होने के बाद 30 अगस्त शनिवार व 31 अगस्त रविवार को फिर अवकाश रहेगा। कुल मिलाकर लगातार एक सप्ताह तक शासकीय कार्यालयों में कामकाज नहीं होने के कारण एक ओर जहां आमजन हलाकान हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दैनिक वेतनभोगी के रूप में काम करने वालों के लिए यह महीना आर्थिक दृष्टि से नुकसानदायक साबित होगा। इधर रजिस्ट्री आफिस परिसर, जिला कोर्ट परिसर, सभी तहसीली व एसडीएम कार्यालय परिसर में पक्षकारों के नोटरी, दस्तावेज लेखन व टाईपिंग जैसे कार्यों में संलग्न लोगों को भी लगातार एक सप्ताह तक कामकाज बंद होने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इनमें से ज्यादातर लोग रोज आजीविका कमाने वाले हैं, जिससे छह दिनों के लगातार अवकाश से इन्हें आर्थिक रूप से बड़ी क्षति उठानी पड़ी है।


## कार्रवाई बंद, शहर में फिर बढ़ने लगी बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग द्वारा लाइन लॉस रोकने की कवादतों पर पानी फिरने लगा है। हुकिंग व लंगड़बाजों पर कार्रवाई बंद है, ऐसे में शहर के कई मोहल्लों में शाम होते ही बिजली चोरी की जा रही है। विभाग इसे मूकदर्शक होकर देख रहा है।

- **झुग्गी और कई मोहल्लों में शाम होते ही हुकिंग नजर आती है**

शहर की गलियों में शाम होते ही हुकिंग जारी है। झुग्गियों और नीचे मोहल्लों में शाम के समय एक साथ बिजली के तारों में हुकिंग की जा रही है, जिसके चलते लाइन लॉस रोकने की कवायद महज कागजों तक ही सीमित हो चुकी है। इसका सीधा असर बिजली के लोड पर पड़ रहा है और लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खास बात यह है कि विभाग के अधिकारी जाने के बाद भी कार्रवाई करने में पीछे रह जाते हैं। मिनी बस्ती, संजय नगर, तालापारा, करबला रोड, ढेढा डबरी, दयालबंद, कतियापारा और अरपा नदी के किनारे बने कई मोहल्लों में बेधड़क हुकिंग की जाती है।



### अधिकारियों से चर्चा की जाएगी

इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। ऐसे लोकेशन की जांच करने के निर्देश जारी किए जाएंगे।

**-श्रीनिवास राजू,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

### विजिलेंस की टीम नदारद

खास बात यह है कि कुछ साल पहले विजिलेंस की टीम इस संबंध में कार्रवाई करती थी, लेकिन पिछले काफी समय से विजिलेंस की टीम महज एचटी कनेक्शन और बड़े बिजली उपभोक्ताओं पर ही कार्रवाई करती है, जबकि हुकिंग करने का अधिकार जोन कार्यालय के अधिकारियों के साथ ही विजिलेंस की टीम को भी है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## सेफ्टी विभाग की टीम ने कोचिंग डिपो में शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईटेंशन ओएचई की चपेट में आकर झुलसे युवक की हालत अभी भी काफी गंभीर बनी हुई है। वहीं टीम गठित होने के बाद सेफ्टी विभाग के अफसरों ने कोचिंग डिपो में पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ अपनी जांच शुरु कर दी है।

दो दिन पहले बिलासपुर रेलवे स्टेशन के तारबहार यार्ड के आगे संचालित कोचिंग डिपों में वंदेभारत एक्सप्रेस के ऊपर के हिस्से का मेंटनेंस करने चढ़ा मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन सवार हुआ था। इस दौरान उसका साथी भी था। दोनों कर्मचारी भिलाई के कुमार इंजीनियरिंग कंपनी के अधीन काम करते हैं। वंदेभारत के ऊपर परीक्षण करने के लिए कोच के ऊपर सवार हुए प्रताप बर्मन अचानक हाईटेंशन ओएचई के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलसकर 15 फीट नीचे प्लेटफार्म पर गिर गया। युवक के नीचे गिरते ही कोचिंग डिपो में हड़कंप मच गया। घायल युवक को तत्काल कपड़े ढोने वाले टेम्पो से रेलवे हास्पिटल भेजा गया, जहां से उसे सिम्स और बाद में अपोलो रिफर कर दिया गया। इस मामले को लेकर उच्चाधिकारियों के आदेश शनिवार को सेफ्टी विभाग के अफसरों की टीम घोषित कर दी गई, लेकिन दो दिन लगातार छुट्टी होने की वजह से जांच शुरु नहीं हो सकी। सोमवार को कार्यालय का ताला ओपन होने के बाद सेफ्टी के अफसरों ने कोचिंग डिपो पहुंचकर सुबह से शाम, रात तक अधिकारियों और कर्मचारियों से घटना के संबंध में पूछताछ की। वहीं घायल युवक के परिजन ने कोचिंग डिपो के एसएससी के खिलाफ सिरगिट्टी थाने में लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई करने मांग की है।

### शुरु हो गई जांच

कोचिंग डिपो में ओएचई की चपेट में आने के बाद युवक को हास्पिटल में भर्ती करा दिया गया है, जिसके इलाज में रेल प्रशासन पूरा सहयोग कर रहा है। वहीं रेलवे की सेफ्टी टीम ने भी अपनी जांच शुरु कर दी गई है। घायल युवक को रेलवे के नियमानुसार पूरी तरह से मदद की जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

